**प्रेस विज्ञप्ति**

**19/08/2024**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), अहमदाबाद आँचलिक कार्यालय ने साइबर अपराध पुलिस स्टेशन अहमदाबाद के सहयोग से मैजिकविन और अन्य के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, लखनऊ और कोयंबटूर में स्थित 20 परिसरों में तलाशी अभियान चलाया है।

ईडी ने साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, अहमदाबाद में दर्ज सूचना और एफआईआर के आधार पर जाँच शुरू की, जिसमें एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि वेबसाइट: https://magicwin.games/ ने अनधिकृत रूप से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 क्रिकेट मैचों की मेजबानी/स्ट्रीमिंग/प्रसारण किया था, जिसके अधिकार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए थे। मैजिकविन एक ऐसी वेबसाइट है जो किसी भी इंटरनेट ब्राउज़र (मोबाइल, स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर आदि) के साथ संयोज्य (कंपैटिबल) है, जिसके माध्यम से कंपनी की सशुल्क सामग्री प्रसारित की जाती है और दर्शकों को इसे मुफ्त में देखने की अनुमति मिलती है। शिकायतकर्ता ने पाया कि मैजिकविन ने अवैध रूप से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 क्रिकेट मैच कनाडा बनाम आयरलैंड 07.06.2024 और भारत बनाम पाकिस्तान 09.06.2024 को https://ss47.live/ लिंक के माध्यम से प्रसारित किया था, ओटीटी डिज्नी + हॉटस्टार से सामग्री को स्ट्रीम किया, जिससे प्रसारण के लिए अधिकृत कंपनी को भारी वित्तीय नुकसान हुआ।

ईडी की जाँच से पता चला है कि मैजिकविन वेबसाइट लाइव क्रिकेट मैचों और अन्य खेलों पर सट्टा लगाने जैसी अवैध गतिविधियों में लिप्त है। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लाइव क्रिकेट मैचों का प्रसारण बिना किसी सदस्यता शुल्क के था और भोले-भाले लोगों को अपनी वेबसाइट पर सट्टा लगाने के लिए लुभाने के लिए किया गया था।

तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप, आपत्तिजनक रिकॉर्ड/डिजिटल डिवाइस और 30 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई है। इसके अलावा, 2 करोड़ रुपये (लगभग) की राशि भी फ्रीज़ की गई है। इसके अलावा, कुछ क्रिप्टो वॉलेट की पहचान की गई है, जिसमें 12 करोड़ रुपये की शेष राशि है, जिसके संबंध में क्रिप्टो एक्सचेंजों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे वॉलेट से क्रिप्टो करेंसी को लिक्विडेट न करें। कई आयामों (डोमेन) से जुड़े एक जटिल ऑनलाइन अपराध में तलाशी कार्यवाही और उसके बाद की जाँच के दौरान मामले में जो परिणाम सामने आए वह बहुएजेंसी समन्वय (मल्टीएजेंसी कोऑर्डिनेशन) का एक उदाहरण है।

आगे की जाँच प्रक्रियाधीन है।